सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 08 | इंदौर, शुक्रवार 19 जुलाई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## कमजोरी तलाशेगी कांग्रेस

### शुरू होंगी संभागीय बैठकें, 22 जुलाई को भोपाल संभाग के जिला

◆ ब्लॉक अध्यक्षों के साथ मीटिंग करेंगे पटवारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। लोकसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस अब संगठन में कमजोरी की वजह तलाशने के लिए संभागीय बैठकें शुरु करने जा रही है। इन बैठकों में कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्षों को बुलाकर चर्चा की जाएगी। इसकी शुरुआत 21 जुलाई से हो रही है। सबसे पहले 22 जुलाई को भोपाल संभाग और 23 जुलाई को नर्मदापुरम संभाग के ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में होगी। बैठक में भोपाल संभाग के जिला अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष, जिला प्रभारी एवं लोकसभा प्रत्याशी भी मौजूद रहेंगे।**




#### पटवारी पूछेंगे कमजोरी के कारण, मजबूती के ऑप्शन भी जानेंगे

पीसीसी में दो दिनों तक होने वाली बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी 22 जुलाई को भोपाल संभाग और 23 जुलाई को नर्मदापुरम संभाग के ब्लॉक अध्यक्षों के साथ चर्चा कर कांग्रेस की कमजोरी के स्थानीय कारण पूछेंगे। ब्लॉक अध्यक्षों से पटवारी यह जानने की कोशिश भी करेंगे। कि स्थानीय स्तर पर कांग्रेस को कैसे मजबूत किया जा सकता है।

#### बैठक में उठे मुद्दों का बनेगा डॉक्यूमेंट्स

ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक में होने वाली चर्चा और बिन्दुओं को नोट किया जाएगा। बैठक में आए सुझावों का दस्तावेज तैयार कर आगामी समय में उसपर रणनीति बनाई जाएगी। लोकसभा चुनाव में हुई हार की ब्लॉक वार समीक्षा भी की जाएगी।

#### 20 को होगी पॉलिटिकल एडवायजरी कमेटी की मीटिंग

20 जुलाई को भोपाल में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पॉलिटिकल एडवाइजरी कमेटी की मीटिंग होगी। इस कमेटी में प्रदेश प्रभारी भंवर जितेन्द्र सिंह, जीतू पटवारी, दिग्विजय सिंह, उमंग सिंघार, कांतिलाल भूरिया, अरुण यादव, अजय सिंह सहित तमाम सदस्य शामिल होंगे। इस कमेटी में करीब 39 नेता शामिल हैं।

---

### मूंदी-खंडवा रोड को भी देखते आइये सांसद जी

## जान जोखिम में डालकर चल रहे लोग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मूंदी/ खंडवा। विगत लोकसभा चुनाव में मांधाता विधानसभा क्षेत्र से सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल को मिली प्रचंड जीत से उत्साहित है और वह शुक्रवार को मूंदी पहुंच रहे हैं, जहां लोकसभा चुनाव में मिले जन समर्थन को लेकर लोगों का आभार व्यक्त करेंगे।**

लोगो का आभार मानने पंहुच रहे सांसद पाटिल से क्षेत्र के लोगों की यही मांग रहेगी कि आप क्षेत्र मे पहुंच रहे हो तो मुंदी-खंडवा रोड की आज जो दुर्दशा हो रही है उसे भी देखते आइये कि किस तरह लोग अपनी जान जोखिम में डालकर रोड पर चल रहे हैं। मूंदी-खंडवा रोड पर आसपास के क्षेत्र के कई लोगों को प्रतिदिन आना जाना पड़ता है। सड़क आज जिस हालत में है वह शायद आजादी के 70 सालों में कभी नहीं रही होगी। इस रोड पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, उसके बावजूद मांधाता के विधायक और खंडवा के विधायक व क्षेत्रीय सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल सहित जिम्मेदार जनप्रतिनिधि लोगो की इस समस्या का समाधान क्यों नहीं निकल पाए। स्थानीय विधायक से लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं देश मे भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और इसी सड़क से जिले के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि सहित जिले के प्रशासनिक अधिकारी आना-जाना करते हैं। शासन-प्रशासन में बैठे सभी लोगों की नजरों के सामने आम आदमी किस तरह से मूंदी से खंडवा तक 33 किलोमीटर का यह सफर जान को जोखिम में डालकर तय करता है और विगत दिनों में यहां सड़क पर इतनी दुर्घटनाएं हो चुकी है जिसका कोई अंदाजा नहीं है

#### सीएम हेल्पलाइन सहित कई शिकायतें

मूंदी से खंडवा 33 किलोमीटर गड्ढे वाली सड़क को लेकर लोग कई दिनों से परेशान हैं और लोगों ने सीएम हेल्पलाइन सहित जिले के जिम्मेदार विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई है कि यह सड़क की दुर्दशा कब सुधरेगी लेकिन कोई जिम्मेदार नेता या कोई प्रशासनिक अधिकारी यह बताने को तैयार नहीं है यह सड़क कब बनेगी।

**सरकार में सुनवाई नहीं या अनदेखी-** मूंदी खंडवा रोड की दुर्दशा को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव या भारत सरकार मे परिवहन मंत्री के संज्ञान में मजबूती से नहीं रखा है और यदि सड़क कि दुर्दशा केंद्रीय मंत्री एवं मुख्यमंत्री की जानकारी मे है तो फिर बजट स्वीकृत में देरी क्यों... ? ऐसे में लोगों में चर्चा का विषय है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों को मध्य प्रदेश एवं देश की सरकार में तवज्जों नहीं मिल रही है या स्थानीय जनप्रतिनिधि अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे हैं और लोगों की समस्याओं को अनदेखा कर रहे हैं ऐसे कई सवाल खड़े हो रहे है।

---

## रिटायर्ड फौजी ने भाजपा नेता को गोली मारी

### पुलिस के सामने लाइसेंसी रिवॉल्वर से फायर किया, बच्चों के विवाद में भिड़ गए थे दोनों

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। उज्जैन में रिटायर्ड फौजी ने पुलिस के सामने भाजपा नेता को गोली मार दी। गोली भाजपा नेता की छाती में दाहिने तरफ लगी। पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। कोई कुछ समझ पाता इससे पहले ही आरोपी फरार हो गया। भाजपा नेता को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**

घटना गुरुवार देर रात करीब 1 बजे नागझिरी के हामुखेड़ी की है। रिटायर्ड फौजी सुरेंद्र प्रताप सिंह ने बिल्डर और भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के नगर संयोजक प्रकाश यादव को गोली मारी है। फायरिंग के बाद उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने भाजपा नेता के परिवार से बात की। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया, बच्चों के पुराने विवाद में रिटायर्ड फौजी और भाजपा नेता भिड़ गए थे। दोनों का विवाद शांत कराने पुलिस पहुंची थी। पुलिस मामले को सुलझाने का प्रयास कर ही रही थी, इसी दौरान सुरेंद्र प्रताप सिंह ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से फायरिंग कर दी। भाजपा नेता अस्पताल में भर्ती हैं और खतरे से बाहर हैं।



परिवार का आरोप- पुलिस ने आरोपी को नहीं पकड़ा

परिवार का आरोप है कि फायर करने के बाद रिटायर्ड फौजी आराम से फरार हो गया। पुलिस ने उसे पकड़ने का भी प्रयास नहीं किया। पुलिस सख्ती दिखाती तो आरोपी की गोली चलाने की हिम्मत नहीं होती।

---

गुरूपूर्णिमा स्पेशल

## कटनी भुसावल इटारसी एक्सप्रेस व मेमू ट्रेन को बहाल किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा। खंडवा रेलवे स्टेशन पर एनआई वर्क के चलते मेगा ब्लॉक लिया गया है। 22 जुलाई तक ट्रेनों का आवागमन बंद हो चुका है। ऐसे में दिल्ली-मुंबई की ओर जाने वाली ट्रेनें डायवर्ट रूट से जा रही है। इधर, खंडवा में दादा धूनीवाले मेला को महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते है। ट्रेनों का संचालन बंद होने से श्रद्धालुओं को चिंता सता रही थी।**

चार दिन पहले खंडवा दौरे पर आई भुसावल डीआरएम इति पांडे से खंडवा सांसद ने मुलाकात की थी। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने गुरूपूर्णिमा के मद्देनजर स्पेशल ट्रेन चलाने की मांग की थी। डीआरएम ने 3 दिन के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की थी। हालांकि अब स्पेशल ट्रेन की बजाय पूर्व से चली आ रही कटनी भुसावल इटारसी एक्सप्रेस व मेमू ट्रेन को री-स्टार्ट किया गया है। पैसेंजर के नाम से मशहूर कटनी-भुसावल ट्रेन को लेकर रेलवे ने पूर्व निर्धारित टाइम-टेबल को बहाल किया है। एक्सप्रेस और मेमू दोनों ट्रेनें 4 दिन के लिए खंडवा स्टेशन आएगी।

◆ बीजेपी नगर कार्यसमिती की बैठक आयोजित ...

# इंदौर देश को प्रेरणा देने वाला शहर

### ताई ने कहा;भाजपा का कार्यकर्ता हमेशा जीतेगा




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बीजेपी नगर कार्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें पूर्व सांसद और लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन, विधायक गोलू शुक्ला, विधायक रमेश मेंदोला, विधायक मधु वर्मा और विधायक महेंद्र हार्डिया के साथ अन्य नेता और पदाधिकारी मौजूद थे।**

बैठक में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने कहा कि जब हम सत्ता में रहते हैं तो जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। इस हेतु हमें जिन कार्यों के लिए जनता ने वोट दिया है, वह कार्य अच्छी तरह से जनता के बीच पहुंच रहे हैं या नहीं, योजनाओं का लाभ जनता को ठीक तरीके से मिल रहा है या नहीं, इसकी चिंता कार्यकर्ताओं को विशेष रूप से करनी चाहिए। भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता अपने कार्यों से हमेशा जीतता रहेगा, मेरा आशीर्वाद हमेशा कार्यकर्ताओं के साथ रहता है।

बैठक में संभाग प्रभारी राघवेंद्र गौतम ने कहा कि हमें जनता ने अभूतपूर्व सहयोग प्रदान किया है, जिसके कारण हमारी जिम्मेदारी पहले से ज्यादा बढ़ जाती है। हमें शहर के सामाजिक एवं विकास कार्यों में टीम वर्क के साथ काम करते हुए एक दूसरे का सहयोग करना है। हम दीनदयाल उपाध्याय जी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं अटल बिहारी वाजपेयी जी की पार्टी के कार्यकर्ता हैं। हम जिस भी क्षेत्र में कार्य करते हैं, उस क्षेत्र में हमारी पार्टी की पहचान को बनाए रखने एवं आगे बढ़ाने की हम सभी की जिम्मेदारी है। इंदौर शहर पूरे देश को प्रेरणा देने वाला शहर है। इंदौर शहर पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी का केंद्र बिंदु है। यहां से जो भी बात निकलती है, उसका असर पूरे देश पर पड़ता है। इस हेतु हमें सामाजिक सरोकार के कार्यों को भी पूर्ण निष्ठा से करना है।

बैठक में नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे ने कहा कि इंदौर ने कार्यकर्ताओं के परिश्रम से इतिहास रचने का काम किया है। लोकसभा चुनावों में विपक्ष के नेताओं ने नोटा के लिए माहौल बनाने का प्रयास किया, लेकिन वे विफल रहे और भारतीय जनता पार्टी ने सामूहिक प्रयास से पूरे देश में सर्वाधिक मतों से इंदौर में विजय प्राप्त की है। इसमें बहुत बड़ी भूमिका शक्ति केंद्र एवं बूथ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की है, जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी की हमारी केंद्र एवं प्रदेश की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक ले जाने का काम किया। वोटर लिस्ट में से फर्जी नाम हटाकर सही नाम जोड़ने के साथ ही नए वोटर के नाम जुड़वा कर कार्यकर्ताओं ने बहुत पहले ही चुनाव की योजना की तैयारी प्रारंभ कर ली थी।

बैठक को संबोधित करते हुए सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि 10 वर्षों कि माननीय मोदी जी की सरकार ने अनेक कार्य किए, पिछले वर्षों में इंदौर में ही गरीब कल्याण के अनेक कार्य जिसमें निशुल्क अन्न देना हो या आयुष्मान योजना जिसमें इंदौर देश में नंबर वन है ,इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधा घर देना हो या नल जल योजना के माध्यम से हर घर जल पहुंचाने का कार्य करना हो या फिर उज्ज्वला योजना के माध्यम से सभी घर में रसोई गैस पहुंचना हो या किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को राहत पहुंचानी हो ऐसे आने को कार्य किए हैं इसके साथ ही इंदौर की कनेक्टिविटी भी देश के महत्वपूर्ण शहरों से सड़क, रेल एवं वायु मार्ग के माध्यम से आगामी 2 वर्षों में बहुत बेहतर होने जा रही है।

## ..तो खाटू श्याम से डायरेक्ट जुड़ जाएगा इंदौर

### हिसार-कोटा ट्रेन को उज्जैन-इंदौर तक चलाने की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कोटा से हिसार के बीच चलने वाली ट्रेन को उज्जैन के रास्ते इंदौर तक जोड़ने की मांग उठी है। दरअसल कोटा-सिरसा-कोटा एक्सप्रेस कोटा में 18 घंटे तक खड़ी रहती है। इस ट्रेन के इंदौर तक बढ़ने से यहां के यात्रियों को खाटू श्याम जी तक सीधी ट्रेन मिल सकेगी। जबकि हिसार से कोटा के बीच के यात्रियों को एक साथ दो ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर के दर्शन करने के लिए ट्रेन की कनेक्टिविटी मिल जाएगी।

19807/08/13/14 कोटा-सिरसा-कोटा एक्सप्रेस ट्रेन का विस्तार नागदा, उज्जैन के रास्ते इंदौर जंक्शन करने की मांग ने जोर पकड़ लिया है। श्री महाकाल लोक बनने से धर्म नगरी उज्जैन में राजस्थान और देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं कि संख्या में इजाफा हुआ है। इसलिए 19807/08/13/14 कोटा-सिरसा एक्सप्रेस का विस्तार इंदौर तक करने की मांग ने जोर पकड़ लिया है।

कोटा-हिसार एक्सप्रेस कोटा रेलवे स्टेशन पर 18 घंटे खड़ी रहती है। इस समय का सदुपयोग करके इसका इंदौर तक विस्तार किया जा सकता है। श्री महाकाल ज्योतिर्लिंग-उज्जैन, ज्योतिर्लिंग से खाटूश्यामजी, सालासर बालाजी सीकर, जयपुर, इंदौर, हिसार, उज्जैन, ओंकारेश्वर की डायरेक्ट कनेक्ट हो सकेंगे। रेलवे अप डाउनर्स प्रोग्रेसिव वेलफेयर एसोसिएशन और कोटा-नागदा सेक्शन की अलग-अलग रेलयात्री समितियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने रेलमंत्री के नाम ज्ञापन लिखकर इस ट्रेन को सप्ताह में तीन दिन तक इंदौर तक बढ़ाने की मांग की है।

## कांग्रेस इंदौर मे कर रही बड़े आंदोलन की तैयारी

### 6 अगस्त को नगर निगम पर बड़ा आंदोलन, शहर और ग्रामीण कांग्रेस दोनों होंगे शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर कांग्रेस 6 अगस्त को इंदौर में बड़ा आंदोलन करने तैयारी कर रही है। इस आंदोलन में शहर और ग्रामीण कांग्रेस के कार्यकर्ता व नेता मौजूद रहेंगे। कांग्रेस नेताओं से मिली जानकारी के अनुसार शहर कांग्रेस 6 अगस्त को महापौर द्वारा भ्रष्टाचार को लेकर कोई कार्रवाई नहीं करने और दो साल की नाकामियों को लेकर नगर निगम पर आंदोलन करेगी।**

बताया जा रहा है कि कांग्रेस ने शहर का विकास-भ्रष्टाचार का विनाश का संकल्प लेकर आंदोलन करने का निर्णय लिया है। नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि 6 अगस्त को पूरी कांग्रेस एक साथ नगर निगम पर प्रदर्शन कर घेराव करेगी। कांग्रेस नेताओं से मिली जानकारी के अनुसार इस दौरान महापौर का पुतला भी फूंका जाएगा।

चौकसे ने कहा कि नगर निगम में लगातार भ्रष्टाचार की परत दर परत खुलती जा रही है, लेकिन महापौर पुष्यमित्र भार्गव मौन हैं। फर्जी फाइलों की मूल नस्तियां गायब होना, नाला टैपिंग के नाम पर 1 हजार करोड़ रुपया खर्च करने के बाद भी सड़कों का नदी में तब्दील हो जाना, सड़कों का पेच वर्क नहीं होना, रेट झोन में अनावश्यक वृद्धि, अवैध कालोनी को वैध नहीं कर पाना, कुंदन नगर में सडक बनाए बिना बिल लगाना, नगर निगम की माली हालत खराब होना, रिमूवल गैंग को सेना की वर्दी पहनाकर हंसी उड़वाना, सराफा चौपाटी की सुरक्षा, स्मार्ट सिटी कंपनी के कामों में अड़चन पैदा करना, पौधारोपण में 5 करोड़ रुपए की राशि इवेंट कंपनी को देना, सत्संग भवन का निर्माण नहीं होना आदि ऐसे कारण है, जिसमें महापौर चुप्पी साधे हुए हैं, वहीं दो साल में उन्होंने कोई ऐसा उल्लेखनीय कार्य नहीं किया है, जिसको वे बता सकें। इसी को लेकर यह प्रदर्शन किया जा रहा है।

## एयरपोर्ट की हाउस कीपिंग कंपनी पर 12 लाख का जुर्माना

### यात्रियों के गंदगी पर ट्वीट के बाद इंदौर एयरपोर्ट प्रबंधन का एक्शन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** देवी अहिल्या बाई होलकर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हाउस कीपिंग का काम देखने वाली कंपनी पर एयरपोर्ट प्रबंधन ने 12 लाख का जुर्माना लगाया है। प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार एयरपोर्ट पर हाउस कीपिंग का काम बीवीजी लिमिटेड के पास है। प्रबंधन कंपनी के कामों में कमी पाई थी, जिसमें साफ-सफाई नहीं होना, यहां पर साफ-सफाई के उपकरणों की कमी के साथ, कर्मचारियों की कमी जैसी बातें पाई गई थीं। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि पिछले दिनों सोशल मीडिया पर इंदौर एयरपोर्ट से यात्रा करने वाले यात्रियों ने गंदगी के फोटो ट्वीट किए थे। ट्वीट में इंदौर एयरपोर्ट से यात्रा कर रहे यात्री ने टर्मिनल में घूम रहे चूहों और कुत्तों के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किए थे। इस पर एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इस संबंध में रिपोर्ट मांग ली थी। जिसके बाद इंदौर एयरपोर्ट प्रबंधन ने यह कार्रवाई की है।

## गौमाता स्वास्थ्य शिविर एवं टीकाकरण का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** अ भा श्वेताम्बर जैन महिला संघ केंद्रीय इकाई द्वारा गौमाता स्वास्थ्य शिविर एवं टीकाकरण का आयोजन नगर निगम गौशाला में किया गया । शिविर का शुभारंभ वेटरनरी कॉलेज के डीन एस पी शुक्ला , अच्युतानंदन महाराज, वीरेन्द्र कुमार जैन, रेखा जैन,मंजू घोडावत ने दीप प्रज्वलन कर किया। वेटरनरी कॉलेज महू से आयी टीम ने खुरपका मुंहपका एवम गलघोंटू रोग के लिए 70 गायों का टीकाकरण, 55 गायों की गर्भ की जांच की गई जिसमें 40 गायें गर्भवती पाई गई । लगभग 34 रुग्ण पशुओं की चिकित्सा की गई। 5 माइनर सर्जरी तथा 11 घायल गायो की चिकित्सा की गई।11 गायों का रक्त एवम अन्य नमूने जांच के लिए एकत्रित किये गए। पशुचिकित्सा महाविद्यालय महू से डॉ संदीप नानावटी मुख्य चिकित्सक के नेतृत्व में डॉ रेशमा जैन,(सर्जरी),डॉ नितिन बजाज(गायनेकोलॉजी) डॉ पवन माहेश्वरी(मेडिसिन विभाग)से उपस्थित रहे।साथ मे 13 इंटर्न वेटरनरी डॉक्टर्स की टीम भी थी। आज वेटरनरी कॉलेज महू के द्वारा पूना की संकर नेपियर चारे की उन्नत किस्म के 5000 पौधे निगम गौशाला हेतु पंहुचाये गए। ये वेरायटी 18 फीट ऊंची हो जाती है और गायों हेतु पौष्टिक और सुस्वादु होती है जिनकी बोवनी भी की जा रही है।विजया जैन , नीलम सिंगी ने स्वागत कर आभार व्यक्त किया। राहुल कीमती,सुशीला पोरवाल, रेखा नानावटी आदि उपस्थित थे ।

## निगम बजट की तैयारी शुरु , 20 को एमआइसी की बैठक

### बजट के साथ ही दूसरे प्रस्तावों पर भी होगी चर्चा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नगर निगम में वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। बजट को लेकर मेयर इन कौंसिल की महत्वपूर्ण बैठक 20 जुलाई को होने जा रही है। इसमें बजट पर चर्चा के साथ ही कुछ अन्य प्रस्ताव भी रखे जाएंगे। महापौर पुष्य मित्र भार्गव के नेतृत्व में शनिवार को यह बैठक होने जा रही है। इस बैठक में बजट को लेकर चर्चा की जाएगी और यहां से मंजूरी मिलने के बाद में इसे निगम की परिषद में रखा जाएगा। वहां से पर इसको लेकर चर्चा होगी।**

एमआइसी की बैठक में निगम के बजट के साथ ही कुछ और अहम मुद्दे रखे जा रहे हैं। हाल ही में हादसे का शिकार हुए शिवांश कबरे के पिता राकेश को दो लाख की आर्थिक सहायता प्रदान करना। इसके अलावा निगम में कार्यरत मास्टर कर्मियों को कलेक्टर नई निधारित पारिश्रमिक दरों के हिसाब से वेतन दिए जाने का प्रस्ताव भी रखा जाएगा। इसके साथ ही निगम में कार्यरत डाटा इंट्री ऑपरेटर के संविदा पदों को नियमित पदों से समकक्षता का निर्धारण करना। इसके अलावा एक अन्य मुद्दा रेशम केंद्र स्थित निगम की गौशाला के प्रबंधन को लेकर आयुक्त के पत्र को लेकर विचार करना है। इन सब मुद्दों पर विचार के बाद में इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। यहां से प्रस्ताव पास होने के बाद में आगे की कार्रवाई होगी।

# भिक्षुकों को भिक्षा देने या उनसे कोई सामान खरीदने वालों के विरूद्ध होगी दण्डनीय कार्रवाई

## भिक्षा वृत्ति/बाल भिक्षा वृत्ति की रोकथाम के संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री आशीष सिंह ने भिक्षा वृत्ति/बाल भिक्षा वृत्ति की रोकथाम के संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये है। जारी आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। उल्लंघन दण्डनीय अपराध के श्रेणी में आयेगा।**

जारी आदेश के अनुसार भिक्षुओं को भीख स्वरूप कुछ भी देना या नाबालिग बच्चों से किसी सामान को खरीदना इस आदेश से निषेध किया गया है। इसका उल्लंघन दण्डनीय होगा। जो व्यक्ति




भिक्षुओं या किसी नाबालिग बच्चे को भीख स्वरूप कोई चीज प्रदान करता है या देता है या नाबालिग बच्चे से कोई सामान खरीदता हैं तो उसके विरूद्ध इस आदेश के उल्लंघन पर कानूनी कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है जो 14 सितम्बर 2024 तक प्रभावशील रहेगा।

उक्त आदेश समाचार पत्रों एवं अन्य माध्यमों से ध्यान में लाये गये तथ्य एवं सड़क पर रहने वाले बच्चों के पुर्नवास हेतु नीति 2022 के परिपालन में जारी किया गया है। इन्दौर जिले में ट्रैफिक सिग्नल, चौराहों, धार्मिक स्थलों, पर्यटन स्थलों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे स्वयं या अपने परिवारों के साथ भिक्षा वृत्ति में संलग्न पाये जाते देखे गये है। शहर में बाल भिक्षा वृत्ति में संलग्न बच्चों के साथ कई बार अन्य राज्यों/जिलों के बच्चे भी सम्मिलित होते है। भिक्षा वृत्ति कार्य में संलग्न अधिकांश बच्चे नशे या अन्य गतिविधियों में लिप्त भी होते है। इसी तरह बाल भिक्षा वृत्ति कराने के लिए बच्चों की तस्करी के मामले संज्ञान में आये है। बच्चों के ट्रैफिक सिग्नल पर भिक्षा वृत्ति के कारण बच्चों की दुर्घटना होने की आशंका अधिक होने के साथ-साथ यह एक सामाजिक बुराई है। भिक्षावृत्ति पर रोक हेतु किशोर न्याय (बालकों की देख रेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 तथा राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा भी भिक्षा वृत्ति को रोकने हेतु समुचित निर्देश जारी किये गये हैं। ज्ञातव्य है कि जिले में भिक्षा वृत्ति/बाल भिक्षा वृत्ति को रोकने के लिए विभिन्न विभागों के सात दल गठित किये गये है, जो लगातार भिक्षा वृत्ति/बाल भिक्षा वृत्ति को रोकने के लिए प्रयास कर रहे है।

### पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

# दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने की दी जा रही सलाह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पीथमपुर सेक्टर एक थाना पुलिस की ओर से शहर में यातायात व्यवस्था को सुधारने और दोपहिया वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए शहर के विभिन्न चौराहे पर जागरूकता अभियान के तहत बैनर पोस्टर लगाए गए है।**

थाना प्रभारी संतोष कुमार दूधी ने बताया कि प्रदेश भर में सडक हादसों में पिछले एक वर्ष में 5512 लोग असमय काल के गाल में समा गए। जिसमें ज्यादा मौत दोपहिया वाहन चालकों की सडक दुर्घटना में हुई है। इसमें अधिकतर वाहन चालक ने हेलमेट नहीं लगाया था। पुलिस दोपहिया वाहन चालकों को बैनर पोस्टर के माध्यम से जागरूक कर रही है।

आने वाले दिनों में पुलिस शहर के चौराहों पर यातायात नियमों के पालन के लिए विशेष अभियान चलाएगी, जिससे दोपहिया वाहन चालक वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करे। साथ ही नगर पालिका के सहयोग से सभी कचरा वाहनों पर भी जागरूकता संदेश प्रसारित करने की योजना बना कर नगर पालिका को पत्र लिखा जा रहा है। संदेश प्रसारण से शहर के दोपहिया वाहन चालकों के परिजनों को जागरूक किया जाएगा, जिससे वो अपने परिवार के मुखिया को घर से निकलते समय हेलमेट लगाने की सलाह दे। पुलिस प्रशासन का उद्देश वाहन दुर्घटना में मृत्यु दर को कम करना है।

# घर में घुसकर किशोरी के साथ छेड़छाड़ के आरोपी को 4 वर्ष का सश्रम कारावास

## आरोपी की धमकी से पीडिता की सगाई भी टूट गई थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देपालपुर, (निप्र)। घर में घुसकर किशोरी के साथ छेड़छाड के आरोपी को 4 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया गया है।**

इंदौर जिला अभियोजन अधिकारी, संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि आज दिनांक को माननीय न्यायालय - श्री हिदायत उल्ला खान, विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) ,देपालपुर ने थाना बेटमा के विशेष प्रकरण में निर्णय पारित करते हुए आरोपी फाजिल आयु 20 वर्ष, निवासी बेटमा को धारा 7/8 पॉक्?सो एक्ट में 04 वर्ष का सश्रम कारावास एवं धारा 452 भा.दं. वि. में 3 वर्ष व धारा 354 भादवि में 1 वर्ष के सश्रम कारावास व कुल 3000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में जिला अभियोजन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव के निर्देशन में अभियोजन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक शिवनाथसिंह मावई द्वारा की गई।

अभियोजन का मामला संक्षेप में इस प्रकार है कि 05 सितंबर 21 को पीडिता/फरियादी ने थाना बेटमा में उपस्थित होकर एक लेखीय शिकायत आवेदन देकर इस आशय की रिपोर्ट किया कि 04 सितबर 21 को दोपहर के 2 बजे वह अपने घर के पीछे तरफ किचन में मुंह धो रही थी, तभी पीछे से अचानक आरोपी फाजिल आया और उसकी कमर पकडकर उसके साथ छेड़छाड क़रने लगा, वह घबराई, इतने में आरोपी ने उसका मुंह दबाकर बंद दिया और छेड़छाड़ करने लगा। उसने ऐसा करने से मना किया, तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धौंस दी एवं बोलने लगा कि मैं तेरे से शादी करना चाहता हूं, अगर तूने मेरे साथ शादी नहीं की, तो मैं तुझे व तेरे मंगेतर जिससे तेरी सगाई होने वाली है, उसे भी जान से खत्म कर दूंगा। आज उसकी सगाई होने वाली थी, लेकिन आरोपी ने उसके होने वाले मंगेतर के घर पर जाकर धमकी दी कि अगर तूने पीडिता से सगाई की, तो मैं तुझे व पीडिता को जान से खत्म कर दूंगा।

आरोपी की धमकी से पीडिता की सगाई टूट गयी। घटना वाले दिन पीडिता ज्यादा घबरा गयी थी. इसलिये उसने उक्त बात अपने परिजन को नहीं बतायी। सगाई टूटने पर उसने उक्त घटना के बारें में नाना, नानी व मामू को बतायी। पीडिता की रिपोर्ट पर से आरोपी के विरुद्ध थाना बेटमा के अपराध क्रं. 575/21 अंतर्गत धारा 354-क, 452 व 506 भा.द.स. तथा धारा 7/8 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के तहत् अपराध दर्ज किया गया। तत्पश्चात् विवेचना पूर्ण कर अभियोगपत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जिस पर से आरोपी को उक्त सजा सुनाई गई।

# शराब दुकान के कर्मचारी से मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शराब दुकान के बाहर मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपियों ने देर रात शराब खरीदने की बात को लेकर मारपीट की। पुलिस ने इस मामले में आरोपी पर केस दर्ज किया है। राउ पुलिस ने आशीष कुमार की शिकायत पर रवि,अनमोल,रोहित चौहान और अंकित सोलंकी के खिलाफ मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। राउ पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना पिगडम्बर इलाके की वाइन शॉप की यहां आशीष कुमार कर्मचारी है। तीन से चार लडक़े वाइन शॉप पर पहुंचे और शराब देने की बात की। तब उनसे कहां कि दुकान बंद होने का समय हो गया है। स्टॉक काउंट हो रहा है। इस पर एक व्यक्ति ने आशीष से कहां कि तुम जानते नही हो मुझे रवि कहते है। तुम्हें शराब तो देना पड़ेगी। इस पर मना किया जाने के लिये कहां तो रवि ने अपशब्द कहे। इसके बाद आशीष ने अपने साथी अनमोल को बुला लिया। तब भी आरोपी शराब को लेकर जोर जबरदस्ती करने लगे। इसके बाद झूमा-झटकी करने लगे। तब रवि के दो साथी दौड़ते हुए आए। ओर मारपीट शुरू कर दी। रवि ने एक बड़ा से पत्थर उठाया ओर आशीष के सिर पर मार दिया। तब वहां नाश्ते की दुकान लगाने वाले पवन राजौरा उसका भाई शिवम ओर मनीष दौडकर आए। रवि ओर उसके साथियों ने तीनों के साथ भी मारपीट की। इस दौरान पवन के गले की चैन गिर गई। फिर आरोपी वहां से धमकी देकर भाग गए। रात में उन्होंने पुलिस को सूचना की। चारो आरोपियों पर केस दर्ज किया गया। पुलिस ने रात में ही आरोपियों को हिरासत में ले लिया।

### संभागायुक्त की अध्यक्षता में रेसीडेंसी एरिया एवं रेडियों कॉलोनी क्षेत्र के सर्वे कार्य संबंधी बैठक सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में रेसीडेंसी एरिया एवं रेडियो कॉलोनी क्षेत्र के सर्वे कार्य संबंधी बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना लोवंशी, उपायुक्त श्रीमती शैली कनास सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। संभागायुक्त श्री सिंह ने सर्वे कार्य के संबंध में चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने बताया इंदौर स्थित रेसिडेंसी एरिया और रेडियो कॉलोनी क्षेत्र में जो अनसर्वे क्षेत्र है उसका सर्वे कार्य कलेक्टर श्री सिंह के मार्गदर्शन में किया गया है। सर्वे कार्य में पुराने रिकॉर्ड्स जिसमें होलकर, ब्रिटिश राज तथा तत्समय के पुराने रिकॉर्ड का अवलोकन किया जाकर उसके पश्चात जो शहरी क्षेत्र के अनसर्वेड एरिया है वहाँ के सर्वेक्षण के लिए मध्यप्रदेश शासन के दिशा-निर्देश के अनुरूप सर्वे कार्य किया गया है।

### युग पुरुष आश्रम केस, संस्था ने दिया जवाब

# खराब मौसम और बारिश के पानी के कारण बीमार हुए बच्चे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। युग पुरुष केस में 6 बच्चों की मौत और 89 बच्चों के बीमार होने के मामले में संस्था ने जिला प्रशासन को रिपोर्ट सौंप दी। रिपोर्ट में कारण खराब मौसम और बारिश के पानी के कारण बच्चों के बीमार होने की बात कही गई है। कलेक्टर आशीष सिंह ने कहा कि संस्था ने जवाब में बच्चों की बीमारी का उल्लेख नहीं किया है। अब संस्था के जवाब और उच्च स्तरीय कमेटी के जांच रिपोर्ट के बाद परीक्षण होगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।**

**कलेक्टर बोले हाई पॉवर कमेटी की रिपोर्ट के बाद परीक्षण करेंगे**

संस्था के सचिव तुलसी शादीजा ने जवाब में कहा कि जब बच्चे बीमार पड़े तो संस्था के कर्मचारी स्थिति को संभालने में व्यस्त थे। उनका प्रशासन से कुछ भी छिपाने का कभी कोई इरादा नहीं था। उन्होंने बच्चों के इलाज के साथ-साथ उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की। बच्चों के अचानक बीमार पड़ने की वजह से सभी लोग बच्चों को अस्पताल में एडमिट कराने में जुट गए थे। जवाब में साफ सुथरा किचन और एक्वागार्ड लगा होने की बात भी कही गई। जब बच्चे बीमारी पड़े तो उनके परिवार को सूचना देने के साथ विधिवत सरकारी चाचा नेहरू अस्पताल में एडमिट कराया गया। इसके साथ ही संस्था की ओर से कोई भी लापरवाही नहीं होने का दावा किया गया। कलेक्टर ने बताया कि एक-दो दिन में उच्च स्तरीय कमेटी की जांच रिपोर्ट आ जाएगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पारदियों ने पुलिस पर चलाई अंधाधुंध गोलियां

## जमीन पर लेटे पुलिसकर्मी, भागकर जान बचाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना । गुना पुलिस कस्टडी में दूल्हे की मौत के मामले में गुरुवार को पीएम रिपोर्ट आ सकती है। रिपोर्ट में युवक की मौत की असल वजह पता चल सकेगी। घटना के एक दिन पहले ही यानी शनिवार को पुलिस और पारदियों में मुठभेड़ भी हुई थी। इसमें तीन जिलों की पुलिस पर पारदियों ने अंधाधुंध फायरिंग की, जबकि पुलिस की तरफ से बचाव में एक गोली तक नहीं चलाई गई।**

जान बचाने के लिए पुलिसकर्मी जमीन पर लेट गए। इस दौरान समाज की महिलाओं ने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। चारों तरफ से हमला होते देख पुलिस टीम को जान बचाकर भागना पड़ा।

यह खुलासा धरनावदा थाने में दर्ज हमले की एफआईआर से हुआ है। यह एफआईआर 13 जुलाई की रात दर्ज की गई थी। मुठभेड़ में तीन जिलों गुना, भोपाल और राजगढ़ की पुलिस टीम शामिल थी। बड़ी बात ये भी है कि इतनी बड़ी घटना की भनक भी पुलिस ने नहीं लगने दी।

13 जुलाई को भोपाल और राजगढ़ की पुलिस टीम अपने जिले में हुई चोरी के आरोपियों की तलाश में झागर चौकी आई थी। उनकी सहायता के लिए रुठियाई चौकी और धरनावदा थाने का पुलिस बल भी चौकी पर जमा हुआ। पारदी इलाके की स्थिति को ध्यान में रखकर अलग-अलग टीम बनाई गई। दबिश के दौरान दो पार्टियों को बापुड़ा पारदी के घर की तरफ से और एक पार्टी को अजय पारदी के घर तरफ से आने की सूचना दी गई। सभी पार्टियां भोपाल व राजगढ़ में बाइक चोरी के मामले में बरामदगी और अपराधियों की तलाश के लिए पहुंची थीं।

एसआई राजेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व की टीम ने ग्राम कनारी तरफ से बापुड़ा पारदी के घर के पीछे खेत में दबिश दी। इसी दौरान कुछ लोग बापुड़ा पारदी के घर के पीछे बैठे दिखे। एफआईआर के मुताबिक इनके नाम गंगू पारदी, पवन पारदी, देवा पारदी, राजू पारदी, विक्की पारदी, बैरू पारदी, रवि पारदी, सिंदबाज पारदी, हरिसिंह पारदी, टोमी पारदी, मनीष पारदी, राजू पुत्र रैत्या पारदी हैं।

इन्हें पकड़ने के लिए पुलिस आगे बढ़ी, तो सभी अलर्ट हो गए। पुलिस से घिरा देखकर गाली-गलौज करते हुए पारदी बोले- पुलिसवालों को मार दो। आज जिंदा बचकर नहीं जाने देंगे। सभी ने इकट्ठा होकर पुलिस को जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। गंगू पारदी व पवन पारदी ने एसआई राजेंद्र सिंह व टीम अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली एसआई राजेंद्र सिंह चौहान के कान के पास से निकल गई।

### जान बचाने के लिए जमीन पर लेटे पुलिसकर्मी

पारदी गैंग लाठी, डंडों से लैस होकर पत्थर से टीम पर हमला करने लगी। जान बचाने के लिए एसआई राजेंद्र सिंह व सभी जवान जमीन पर लेट गए। इसी दौरान समाज की महिलाएं सूरज बाई, शालिनी, कपूरीबाई, पूजाबाई व अन्य लोग आ गए। सभी मिलकर पथराव करने लगे। पथराव में एसआई संतोष को बाएं कंधे व सिर में पीछे, एएसआई उत्तम सिंह के पीठ में, कॉन्स्टेबल नेपाल सिंह की दाहिनी कोहनी में, एएसआई सीताराम के सिर में पीछे, कॉन्स्टेबल मुकेश मीणा के बायें हाथ की कोहनी में, मनोज के बायें तरफ सिर व बायें गाल में, दीपक के माथे पर, देवेन्द्र के दाहिने हाथ की तर्जनी उंगली, मंगल के पीठ व दाहिने हाथ की तर्जनी उंगली व एसआई राजेंद्र सिंह के बायें हाथ पर व दाहिने हाथ की कलाई में चोट आई है। बदमाशों ने पुलिस की गाड़ी में भी तोड़फोड़ की। इसके बाद सभी पारदी महिलाओं की आड़ लेकर बाइक व पैदल खेत की तरफ भाग गए। इसके बाद रात करीब 1:30 बजे पुलिस ने केस दर्ज किया।

# अस्पताल के बाहर आदिवासी महिलाओं ने कराई डिलीवरी

### परिजन बोले- मदद मांगी तो डॉक्टर ने थाने में बंद कराने की धमकी दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी।** शिवपुरी के रन्नौद स्वास्थ्य केंद्र के बाहर एक प्रसूता ने बच्चे को जन्म दिया। डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ मदद के लिए नहीं पहुंचे। आदिवासी महिलाओं ने डिलीवरी कराई। डॉक्टर का कहना है कि प्रसूता को जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। एम्बुलेंस भी पहुंच गई थी, लेकिन परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल रवाना नहीं हुए।

शंकरपुर की रहने वाली हृदेश आदिवासी (22) को डिलीवरी के लिए रन्नौद के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था। परिजन गुड्डन आदिवासी ने बताया कि यहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पैसों की व्यवस्था नहीं होने के कारण समय पर जिला अस्पताल नहीं जा सके। रात 9 बजे हृदेश को प्रसव पीड़ा होने लगी। डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ से डिलीवरी कराने की गुहार लगाई तो स्टाफ ने थाने में बंद कराने की धमकी दी। इसके चलते अस्पताल के बाहर ही डिलीवरी कराना पड़ी।

### डॉक्टर बोले- हीमोग्लोबिन कम होने पर रेफर किया था

रन्नौद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉ. अक्षय शर्मा का कहना है कि प्रसूता को बुधवार शाम 6 बजे लाया गया था। जांच के दौरान प्रसूता का हीमोग्लोबिन महज 6 ग्राम था। जबकि हीमोग्लोबिन की मात्रा 11 ग्राम होनी चाहिए थी। 9 या 10 हीमोग्लोबिन होने पर एक बार डिलीवरी की जा सकती थी। मल्टी ग्रेविडा के साथ गंभीर एनीमिया होने के चलते और गाइडलाइन के तहत जिला अस्पताल रेफर किया गया था। एम्बुलेंस भी बुला ली गई थी, लेकिन परिजन राजी नहीं हुए। एम्बुलेंस करीब एक घंटे प्रसूता को ले जाने के लिए खड़ी रही। इसके बाद एक्सीडेंट केस आने के चलते एम्बुलेंस चली गई। उसी समय अस्पताल में दूसरा डिलीवरी केस आ गया, जिसमें स्टाफ व्यस्त हो गया था।

# जेल में कैदियों को काट रहे चूहे

### जेलर बोले- बिल में पानी भरने से बाहर आए, इलाज के बाद अब कैदी ठीक हैं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह। दमोह जिला जेल में इस समय चूहों का आतंक है। जेल कैदियों को चूहे काटकर जख्मी कर रहे हैं। ऐसे करीब आधा दर्जन कैदी इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उनका इलाज किया गया।जेलर का कहना है कि दो लोगों को काटा था, जिनका इलाज करवा दिया गया है।**

परिजनों का कहना है कि बुधवार को मुलाकात करने पहुंचे थे, तब उन्हें पता चला। हमने जेल प्रशासन को अवगत कराया, तब उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। जेलर सीएल प्रजापति ने बताया कि कैदियों को चूहों ने काटा है। जेल के पीछे काफी बड़ा हिस्सा खाली है, जहां बड़ी संख्या में चूहे हैं। पिछले दिनों वहां समतलीकरण कराया था। बारिश के बाद इन चूहों के बिलों में पानी भर गया, जिससे 50 से अधिक चूहे जेल के अंदर आ गए। जेल का छप्पर पूरा कच्चा है, इसलिए यह चूहे ऊपर जाकर छिप जाते हैं और रात में सामग्री खाने आ जाते हैं। दो लोगों को काटा था। सुरक्षा की दृष्टि से उनका इलाज करा दिया गया है, अब दोनों स्वस्थ हैं।

### चूहा मारने की दवा भी रखी जा रही

जेलर ने बताया कि चूहों को मारने के लिए दवा रखी जा रही है। रात के समय जब बंदी अपने-अपने बैरक में चले जाते हैं, उसके बाद यह दवा रखी जाती है और सुबह दवा उठाकर बैरक खोलते हैं। लापरवाही नहीं की जा सकती, क्योंकि यदि किसी बंदी ने इस जहरीली दवा का सेवन कर लिया तो कोई बड़ी घटना भी घट सकती है, इसलिए सुरक्षापूर्वक दवा रखी जा रही है। बता दें कि दमोह जिला जेल अंग्रेजों के समय की है, जो काफी बड़े एरिया में फैली हुई है। यहां 300 से अधिक कैदी बंद हैं।

# शादी में खाना खाने से 15 लोग बीमार

### जिला अस्पताल में चल रहा इलाज, कल्दा के गुर्जी गांव का मामला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**पन्ना ।** जिले के सलेहा थाना क्षेत्र अंतर्गत कल्दा के गुर्जी गांव के करीब 15 लोग शादी समारोह में बुधवार (17 जुलाई) को खाना खाने के बाद बीमार पड़ गए। जिन्हें इलाज के लिए सलेहा अस्पताल में भर्ती करवाया गया। स्थिति गंभीर होने के कारण सभी को बुधवार देर रात जिला अस्पताल पन्ना के लिए रेफर किया गया है। फिलहाल सभी का इलाज चल रहा है। अब सभी मरीज खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।

पन्ना जिले के पहाड़ी क्षेत्र कल्दा अंतर्गत आने वाले गुर्जी गांव के लोग जब बारात में खाना खाकर वापस आए। इसके बाद फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। जिनमें करीब 15 लोगों की हालत गंभीर होने पर सलेहा अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। मरीजों में 10 बच्चे भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार 15 जुलाई को गांव के ही कैलाश नामक युवक की बारात खोहे कुदरा गांव गई थी। जहां सभी बारातियों ने खाना खाया और 17 जुलाई की सुबह जब लौट कर वापस अपने गांव आए। तो कुछ समय बाद लोगों को उल्टी-दस्त की शिकायत होने लगी। डॉक्टर प्रदीप गुप्ता ने कहा है कि अब सभी मरीजों की हालात सामान्य है। सभी का इलाज जारी है।

# ताजियों के जुलूस में लहराया फिलिस्तीन का झंडा

### पुलिस को शिकायत के बाद 3 हिरासत में, मामले में हो रही जांच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा। मोहर्रम के अवसर पर निकाले गए ताजियों के जुलूस में फिलिस्तीन का झंडा लहराए जाने की शिकायत पुलिस तक पहुंची है, जिसके बाद मामले में जांच की जा रही है। वहीं तीन लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है।**

एसपी मनोज राय ने बताया कि बजरंग दल के लोगों ने शिकायत की है कि ताजियों के जुलूस में एक युवक फिलिस्तीन का झंडा लेकर घूम रहा है। मामले की जांच की जा रही है।, इस दौरान दोषी पाए जाने वाले पर कार्रवाई की जएगी।

संवेदनशील नगरो की पंक्ति मे शुमार जिला मुख्यालय शहर खंडवा में बुधवार को मुहर्रम की 10 तारीख के मौके पर ताजियों के चल समारोह में फिलिस्तीन झंडा लहराने को लेकर 3 लोगों को हिरासत में लिया गया है। एसपी पे कहा कि मामले की जांच की जा रही है। इस दौरान दोषी पाए जाने वाले पर कार्रवाई की जाएगी।

एसपी ने कहा कि कोई दूसरे देश का झंडा लेकर घूमा रहा था, जिसकी पहचान फिलिस्तीन के झंडे के रूप में हुई है। शिकायत को थाना मोघट में ले लिया गया है। उन्होने कहा कि थाना प्रभारी मोघट को निर्देशित किया है कि इसकी जांच करें। अगर, इस मामले में ऐसे तत्व हैं जिन्होंने जानबूझकर माहौल खराब करने की दिशा में यह काम किया है, तो उनके खिलाफ तत्काल वैधानिक कार्रवाई की जाए।

बुधवार को देर शाम ताजियों का चल समारोह निकाला जा रहा था, जिसमें शामिल युवा हाथों में मुस्लिम धर्म से जुड़े कई झंडे लिए साथ चल रहे थे। इस दौरान शहर के शिवाजी चैक पर एक युवक दूसरे देश फिलिस्तीन का झंडा लहराता हुआ नजर आया। इस मामले में बुधवार रात बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने थाने पहुंचकर शिकायती आवेदन दिया और आरोपियों पर कठोर कार्रवाई न होने पर, हिंदू समाज के प्रदर्शन की चेतावनी दी।

एसपी ने इस मामले में कुछ युवकों को पूछताछ के लिए अभिरक्षा में लिया है। मोहर्रम के जुलूस के दौरान कई लोगों ने शहर की शांति भंग करने का प्रयास किया है। किसी षड्यंत्र के तहत पूरे देश भर में जो हुआ वह आज खंडवा में भी हुआ। आतंकवादी संगठन हमास के समर्थन में फिलिस्तीन का झंडा मोहर्रम के जुलूस में लहराया गया। यह देशद्रोह है, यह जो भी लोग हैं, उन्हें चिन्हित कर पुलिस प्रशासन उनके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई करे। बजरंग दल के माध्यम से इन लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज करने को लेकर आवेदन दिया है।

# उन्हेल में मोहर्रम के जुलूस में हनुमान चालीसा का पाठ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** उज्जैन के पास उन्हेल में मोहर्रम के जुलूस का एक वीडियो वायरल हुआ है। इसमें गंगा जमुनी तहजीब को निभाते हुए हिन्दू मुस्लिम समाज के लोगों ने एक साथ मोहर्रम मनाया। इस दौरान जुलूस में मुस्लिम समाज का स्वागत कर मोहर्रम को रोककर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। बुधवार सुबह उन्हेल के कचहरी चौराहे पर मुहर्रम के जुलूस के दौरान हिन्दू मुस्लिम की एकता की मिसाल देखने को मिली। मोहर्रम के जुलूस के दौरान नगर परिषद् के अध्यक्ष पार्षद और हिन्दू समाज के लोगो ने मुस्लिम समाज का और जुलूस का हार फूल से स्वागत कर बैंड पर हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज और हिंदू समाज के लोग एकत्रित हुए।

# संपादकीय

## संपादकीय: रिपोर्ट में असंतुलन ने बढ़ाई चिंता

देश के कई इलाकों में इन दिनों लोगों को भारी बरसात की वजह से बाढ़ की त्रासदी झेलनी पड़नी पड़ रही है। वहीं, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत कई क्षेत्रों में मानसून के बादल बरसने में संकोच कर रहे हैं। नतीजतन, उमस भरी गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। ऐसे में सवाल है कि आखिर मौसम प्रणाली में इस कदर असंतुलन क्यों पैदा हो रहा है? भारतीय मौसम विभाग की ताजा रपट में कहा गया है कि उत्तर-पश्चिम भारत में इस वर्ष जून का महीना 31.73 डिग्री सेल्सियस औसत तापमान के साथ वर्ष 1901 के बाद से सबसे गर्म रहा है। इस बीच, दिल्ली में मई से जून के बीच बत्तीस दिन ऐसे रहे, जब तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। इसके बाद दिल्ली में मानसून की दस्तक के साथ ही चौबीस घंटों में इतना पानी बरसा कि अट्ठासी वर्षों का रेकार्ड टूट गया। उसके बाद हल्की बारिश ही हो रही है, जिससे उमस भरी गर्मी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। वहीं, पहाड़ी इलाकों में बादल फटने और मैदानी क्षेत्रों में बिजली गिरने की घटनाएं बढ़ रही हैं। इससे पिछले दो-तीन सप्ताह में कई लोगों की जान जा चुकी है। मौसम के इस बदलते मिजाज के पीछे जलवायु परिवर्तन को कारण माना जाता है। यूनिवर्सिटी आफ टेक्सास की ताजा रपट के मुताबिक, मौसम में आ रहे बदलाव जलवायु परिवर्तन के खतरों का संकेत हैं। बढ़ती वैश्विक तपिश से भविष्य में और भी भयावह परिणाम देखने को मिल सकते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि मौसम में तेजी से हो रहे बदलावों के पीछे कार्बन उत्सर्जन का बड़ा योगदान है। दरअसल, पृथ्वी पर कार्बन उत्सर्जन बहुत तेजी बढ़ रहा है, जिसका सीधा प्रभाव मौसम पर पड़ रहा है। हवा में बढ़ते 'एयरोसोल सल्फेट' की मात्रा भी धरती का तापमान बढ़ा रही है, जिससे अरब और हिंद महासागर का तापमान बढ़ रहा है और इससे मानसून पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में साफ है कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए भारत समेत दुनिया भर में हो रहे प्रयासों को गति देने की जरूरत है। तभी मौसम में हो रहे असामान्य बदलावों का असर कम हो पाएगा।

### अर्ज़ किया है..!

*हज़ार बार इरादा*
*किए बग़ैर भी हम*
*चले हैं उठ के तो*
*अक्सर गए उसी की तरफ़*

-अदीब सहारनपुरी

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**जिसकी वाणी शुद्ध होती है...**
**उसकी वाणी सिद्ध हो जाती है..**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## धर्म कर्म

# इसलिए जरूरी है जीवन में गुरु का होना



हिंदू धर्म में आषाढ़ पूर्णिमा गुरु भक्ति को समर्पित गुरु पूर्णिमा का पवित्र दिन भी है। भारतीय सनातन संस्कृति में गुरु को सर्वोपरि माना है। वास्तव में यह दिन गुरु के रूप में ज्ञान की पूजा का है। गुरु का जीवन में उतना ही महत्व है, जितना माता-पिता का।

माता-पिता के कारण इस संसार में हमारा अस्तित्व होता है। किंतु जन्म के बाद एक सद्गुरु ही व्यक्ति को ज्ञान और अनुशासन का ऐसा महत्व सिखाता है, जिससे व्यक्ति अपने सतकर्मों और सद्विचारों से जीवन के साथ-साथ मृत्यु के बाद भी अमर हो जाता है। यह अमरत्व गुरु ही दे सकता है। सद्गुरु ने ही भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम बना दिया, इसलिए गुरु पूर्णिमा को अनुशासन पर्व के रूप में भी मनाया जाता है।

इस प्रकार व्यक्ति के चरित्र और व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास गुरु ही करता है। जिससे जीवन की कठिन राह को आसान हो जाती है। सार यह है कि गुरु शिष्य के बुरे गुणों को नष्ट कर उसके चरित्र, व्यवहार और जीवन को ऐसे सद्गुणों से भर देता है। जिससे शिष्य का जीवन संसार के लिए एक आदर्श बन जाता है। ऐसे गुरु को ही साक्षात ईश्वर कहा गया है इसलिए जीवन में गुरु का होना जरूरी है।

-बाबापण्डित (http://www.babapandit.com)

New Delhi

# केरल में भारी बारिश में खेत लबालब, जगह-जगह लैंडस्लाइड, 300 घर तबाह, IMD ने आज भी किया अलर्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** केरल में लंबे वक्त से बारिश का सिलसिला जारी है. 18 जुलाई यानी गुरुवार को भी यहां के कई हिस्सों, खासकर उत्तरी मालाबार जिलों के पहाड़ी इलाकों में भारी बारिश जारी रही. भयंकर बारिश से यहां सामान्य जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है. उत्तरी केरल के वायनाड, कन्नूर और कासरगोड जिलों के कई हिस्सों से बाढ़, पेड़ों के उखड़ने, संपत्ति को नुकसान और मामूली लैंडस्लाइड की घटनाएं सामने आईं. यहां आईएमडी ने एक दिन के लिए रेड अलर्ट जारी किया है. इसके साथ ही तीनों जिलों में जिला प्रशासन ने शुक्रवार, 19 जुलाई को स्कूल-कॉलेज में छुट्टी घोषित कर दी है.



केरल में जगह-जगह हो रही बारिश से भारी तबाही देखने को मिल रही है. पलक्कड़ में एक स्कूल बस नहर में पलट गई, हालांकि कोई घायल नहीं हुआ और बच्चों को बचा लिया गया. कोझिकोड में जगह-जगह जलजमाव के चलते सड़कें डूबी हुई हैं.

कन्नूर में भारी बारिश के चलते 80 लोगों को शिविरों में स्थानांतरित करना पड़ा और लगभग 71 परिवारों को कन्नूर में उनके रिश्तेदारों के घरों में ले जाया गया. यहां 13 घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं और 242 घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं. उत्तरी केरल के कुछ हिस्सों से बारिश के कारण दीवारें गिरने और आसपास खड़े वाहनों को नुकसान पहुंचने की भी खबरें हैं. त्रिशूर और एर्नाकुलम जिलों से भी बारिश के कारण संपत्ति के नुकसान की खबरें आईं हैं.

Uttarpradesh

## मुजफ्फरनगर में ढाबे से 4 मुस्लिम कर्मचारियों को नौकरी से हटाया

### मालिक का दावा- पुलिस के कहने पर निकाला



**मुजफ्फरनगर, (एजेंसी) यूपी में कांवड़ यात्रा मार्ग पर होटल और दुकान मालिकों के नाम लिखने के आदेश के बाद अब एक नया मामला साामने आया है. मुजफ्फरनगर में दिल्ली-देहरादून हाइवे पर स्थित साक्षी होटल के मालिक ने चार मुस्लिम कर्मचारी को नौकरी से निकाल दिया है. ढाबे के मालिक लोकेश भारती का दावा है कि उन्होंने ऐसा पुलिस के कहने पर किया है. उनका कहना है कि पुलिस की एक गाड़ी उनके पास आई और कहा कि आप मुस्लिम लड़कों को नहीं रख सकते हैं.**

ढाबे के मालिक ने कहा, 'पुलिसवाले आए और सबसे पहले कहा कि यहां 6 बाई 4 का एक प्रोपराइटर बोर्ड लगाइये. सभी का पहचान पत्र लेकर रखने के लिए कहा. इसके बाद कहा कि जो भी मुस्लिम वर्कर हैं अब आप उन्हें नहीं रखेंगे.'ढाबा मालिक ने आगे कहा, 'पुलिसवाले के कहने के बाद मैंने मुंशी, शफक्कत अली, वकार और राजू (मुस्लिम) को नौकरी से हटा दिया.' जब ढाबा मालिक से पूछा गया कि किस थाने की पुलिस ने उनसे ऐसा करने के लिए कहा तो ढाबा मालिक लोकेश भारती ने कहा, इस बारे में मैं कह नहीं सकता लेकिन वो पुलिसवाले ही थे.वहीं बता दें कि विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानों के आगे मालिकों के नाम लिखने के निर्देश का समर्थन किया है.

Bihar

## ऑर्केस्ट्रा डांसर को होटल में ले जाकर नचवाया, फिर 6 लोगों ने किया गैंगरेप; मैनेजर समेत चार गिरफ्तार

**पटना, (एजेंसी)** बिहार की राजधानी पटना में ऑर्केस्ट्रा डांसर के साथ गैंगरेप के मामले में होटल मैनेजर समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बायपास थाना पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। आरोपियों ने छठी कार्यक्रम के नाम पर बीते मंगलवार को ऑर्केस्ट्रा डांसर को बुलाया था। इसके बाद वे डांसर को होटल में ले गए। वहां डांस करवाने के बाद महिला डांसर के साथ 6 लोगों ने गैंगरेप किया। पुलिस अब घटना में प्रयुक्त कार की तलाश कर रही है। साथ ही होटल के कमरे से लेकर बैंक्वेट हॉल परिसर में लगे सीसीटीवी कमरों की जांच की जा रही है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चंदन कुमार समेत महारानी कॉलोनी निवासी सोनू कुमार उर्फ छोटू, आलमगंज के तुलसीमंडी का गौरव कुमार, अगमकुआं के बड़ी पहाड़ी निवासी गणेश कुमार के रूप में हुई है। चंदन होटल का मैनेजर है। पुलिस का कहना है कि जांच में होटल के मैनेजर की संलिप्तता सामने आई है। डीएसपी डॉ. गौरव कुमार ने बताया,होटल के कमरे से आपत्तिजनक सामान बरामद किए गए हैं। घटनास्थल पर एफएसएल की टीम ने भी छानबीन की है।

Jharkhan

## हमले के बाद हिंदुओं को घर छोड़ भागना पड़ा, झारखंड में कश्मीर जैसे हालात: भाजपा

**रांची, (एजेंसी)** झारखंड के पाकुड़ में एक लड़की का वीडियो वायरल करने वाले आरोपी की पिटाई के बाद जमकर हिंसा हुई। पथराव और तोड़फोड़ की गई। यहां तक कि पुलिस को भी निशाना बनाया गया। पथराव में तीन पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। भारतीय जनता पार्टी का आरोप है कि हिंदुओं के घरों को इस कदर निशाना बनाया गया कि उन्हें जान बचाकर पलायन करना पड़ा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और सांसद निशिकांत दुबे ने कहा है कि झारखंड के संथाल परगना में हालात कश्मीर जैसे हो गए हैं।

हिंसा के बाद गांव का वीडियो साझा करते हुए सांसद निशिकांत दुबे ने कहा, 'झारखंड में कांग्रेस के शासन में यह पाकुड़ का तारानगर इलामी गांव वीरान हो गया। दोष क्या, एक नाबालिग लड़की का वीडियो बनाकर मुस्लिम लड़का ब्लैकमेल कर रहा था। विरोध करने पर पूरे हिंदू को ही गांव



छोड़ने के लिए पश्चिम बंगाल से बांग्लादेशी घुसपैठिया आ गए। झारखंड पुलिस अब पश्चिम बंगाल के लोगों के हाथों असहाय। संथालपरगना कश्मीर घाटी बनने की राह पर, जहां हिंदू विस्थापित हुए अपने ही देश में।

बाबू लाल मरांडी ने इस घटना के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर जोरदार प्रहार किया। उन्होंने कहा, 'जब रोम जल रहा था, तब नीरो बंसी बजा रहा था।

खेल

# हार्दिक नहीं, सूर्यकुमार होंगे श्रीलंका दौरे पर टी20 के कप्तान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत और श्रीलंका के बीच 27 जुलाई से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम की गुरुवार को घोषणा हो गई। सूर्यकुमार यादव को इस टीम का कप्तान बनाया गया है। वहीं, रोहित शर्मा वनडे टीम की कप्तानी संभालते नजर आएंगे। विराट कोहली भी इस दौरे पर वनडे सीरीज का हिस्सा होंगे। इस दौरे पर दोनों सीरीज के लिए शुभमन गिल को उप-कप्तान बनाया गया है।

कुलदीप, चहल को नहीं मिल जगह, बुमराह को आराम

टी-20 वर्ल्ड कप की चैम्पियन टीम के तीन खिलाड़ी विराट कोहली, रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा संन्यास ले चुके हैं। इनके अलावा बुमराह को भी इस सीरीज से आराम दिया गया है। वहीं, कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल को भी टी-20 टीम में जगह नहीं मिली है। चहल को




वनडे टीम में भी जगह नहीं मिली है। वहीं, कुलदीप यादव वनडे टीम का हिस्सा होंगे।

### जिम्बाब्वे गई टीम के नौ खिलाड़ी टी-20 टीम में, लेकिन अभिषेक और ऋतुराज को जगह नहीं

शुभमन गिल की कप्तानी में जिम्बाब्वे को 4-1 से हराने वाली टीम के नौ खिलाड़ी श्रीलंका दौरे पर टी-20 टीम का हिस्सा होंगे। हालांकि, इस दौरे में शतक लगाने वाले अभिषेक शर्मा और ऋतुराज गायकवाड़ टीम में जगह नहीं बना सके हैं। अभिषेक और ऋतुराज के अलावा मुकेश कुमार, आवेश खान, ध्रुव जुरेल, तुषार देशपांडे, हर्षित राणा, जीतेश शर्मा और साई सुदर्शन भी श्रीलंका दौरे के लिए टीम में जगह नहीं बना सके हैं।

### टी20 सीरीज का पूरा कार्यक्रम

भारत और श्रीलंका के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज का 27 जुलाई से होगा। भारतीय टीम इस दौरे के लिए 20 तारीख के बाद रवाना हो सकती है। हालांकि, बीसीसीआई की तरफ से अब तक इसको लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। दूसरा 28 और तीसरा मुकाबला 30 जुलाई को खेला जाएगा

**टी20 टीमः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, खलील अहमद, मोहम्मद सिराज।

सिनेमा

## विक्की कौशल को 'बैड न्यूज' देगी बड़ी गुड न्यूज, मिलेगी 'उरी' जैसी शुरुआत... एडवांस बुकिंग में हुआ बेड़ा पार



विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी का एक्टिंग टैलेंट किसी से छुपा नहीं है. दोनों ने अपने पिछले प्रोजेक्ट्स से दमदार एक्टिंग का हुनर खूब दिखाया है. मगर अब जो चमक रहा है, वो है विक्की और तृप्ति का 'स्टार' फैक्टर.

इन दोनों की फिल्म 'बैड न्यूज' का ट्रेलर 20 दिन पहले आया था, और तबसे विक्की और तृप्ति सिर्फ एक्टर्स ही नहीं, बॉलीवुड फैन्स के लिए एक वाईब बन चुके हैं. इंडस्ट्री के टॉप प्रोड्यूसर करण जौहर का मार्केटिंग ब्रेन एक बार फिर असर दिखा रहा है और 'बैड न्यूज' से एक के बाद एक सामने आए प्रमोशनल मैटेरियल ने जमकर रंग दिखाया है. रिलीज के 20 दिन पहले ट्रेलर रिलीज, फिर 'तौबा तौबा' जैसा छा जाने वाला गाना और इसके बाद स्क्रीन पर आग लगाने वाली केमिस्ट्री लेकर आया गाना 'जानम'. 'बैड न्यूज' को लेकर जनता में माहौल पूरा बना हुआ है और एडवांस बुकिंग के आंकड़े इशारा कर रहे हैं कि विक्की के खाते में 'उरी' के बाद अगली बड़ी हिट का योग बन रहा है. सैकनिल्क ने अनुसार, गुरुवार का दिन खत्म होने तक 'बैड न्यूज' के लिए एडवांस बुकिंग में ओवरऑल, करीब 94 हजार टिकट एडवांस में बुक हो चुके हैं. इस बुकिंग से फिल्म ने 2.67 करोड़ रुपये के करीब एडवांस ग्रॉस कलेक्शन जुटा लिया है.

## Highlights

1. **Wow: Musk on Indian-Americans topping list of median household incomes in US**
2. **B'luru mall that denied entry to dhoti-wearing farmer sealed over tax non-payment**
3. **Continuous train mishaps extremely worrying: Rahul on Gonda mishap**
4. **Gujarat to provide rented accommodation to labourers for ₹5/ day**
5. **Indian employees aged 21-30 most stressed, 41-50 age group most relaxed: Study**

# Gautam Adani and Torrent vie to buy IPL team Gujarat Titans from CVC Capital: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** Adani Group and Torrent Group are in talks with private equity firm CVC Capital Partners for the sale of controlling stake in Indian Premier League (IPL) franchise Gujarat Titans, it was reported. CVC is willing to offload a majority stake in the IPL franchise while retaining a minority holding, Economic Times reported citing people in the know. This comes as Board of Control for Cricket in India's (BCCI's) lock-in period that stops new teams from selling a stake will end in February 2025.

Gujarat Titans- a three-year-old franchise- could be valued at between $1 billion and $1.5 billion. CVC bought the franchise in 2021 for ₹5,625 crore.

An official in the know told ET, "Having missed out on the opportunity to own IPL's Ahmedabad franchise in 2021, both Adani and Torrent are vying aggressively to buy



a majority stake in Gujarat Titans. For CVC, it's a great opportunity to monetise its stake in the franchise."

Another official said as per the outlet, "IPL franchises have been attracting a lot of investor attention since the league has established itself as an attractive asset with solid cash flows."


Gautam Adani has already made investments in cricket by acquiring teams in the Women's Premier League (WPL) and UAE-brd International League T20. In 2023, Adani bagged WPL's Ahmedabad franchise with a top bid of ₹1,289 crore.

Earlier, Gujarat Titans COO Arvinder Singh said the franchise will "attain profitability in the next media rights cycle. Even the original ten franchisees took four to five years before they turned profitable. We are confident that not only will we turn profitable, but our brand value will also increase exponentially."

Elevate your career with VIT's MBA programme that has been designed by its acclaimed faculty & stands out as a beacon for working professionals.

# OpenAI's GPT-4o mini model is battling Gemini Flash and Claude Haiku

**NEW DEIHI, (Agency).** It's been quite a summer for OpenAI. First, pushing the artificial intelligence (AI) capabilities' envelope with the new GPT-4o model. Voice conversations, browsing the web to answer your queries, writing code, analysing data charts, text to image, troubleshooting with just a photo are all on the agenda. And that wasn't even it. You can converse with the assistant via the phone's camera, giving AI more of a context about the world around you. All this was even before the announcement at Apple WWDC, where we saw the first glimpses of ChatGPT finding a home within



iOS, iPadOS, and macOS. OpenAI isn't done for the summer.

The GPT-4o mini (its mini, not Mini) is keeping the size and weight in check, as is often the case with AI models and how they're used, for broader relevance. Even then, OpenAI insists the cost-effective small model is better than even GPT-4 in many tasks, whilst being significantly less costly as well. Competitors too, on the MMLU and MMMU benchmarks. For instance, in the MMLU benchmark that tests multimodal reasoning, GPT-4o mini scores an 82% accuracy rate, while Gemini Flash (77.9%) and Claude Haiku (73.9%) are far behind.

"Today, GPT-4o mini supports text and vision in the API, with support for text, image, video and audio inputs and outputs coming in the future. The model has a context window of 128K tokens, supports up to 16K output tokens per request, and has knowledge up to October 2023.

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, बुजुर्ग की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। औद्योगिक नगरी पीथमपुर के सागौर थाना क्षेत्र में बुधवार रात को एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 64 वर्षीय बुजुर्ग की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।**




सागौर थाने के हेड कॉन्स्टेबल गंगा प्रसाद तिवारी ने बताया कि बगदून थाना क्षेत्र के घाटाबिल्लौद चोकी क्षेत्र में सरकारी स्कूल के सामने एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार भारत सिंह पिता प्यारे (64) गिर कर ट्रक के नीचे आ गए, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक का ड्राइवर फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा। जहां से परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने ट्रक जब्त कर ट्रक ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# 600 लीटर शराब जब्त दो आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पीथमपुर के आबकारी वृत्त सागौर ने अवैध शराब का जखीरा पकडऩे में सफलता हासिल की है। आबकारी अधिकारी आरएस राय ने जानकारी देते हुए बताया कि सूचना प्राप्त हुई थी कि पीथमपुर के वार्ड क्रमांक 7 मन तारा कॉलोनी पीथमपुर सेक्टर 1 में शिवानी होटल के पीछे बने गोदाम में अवैध शराब की कई पेटियां रखी हुई हे।**

आबकरी टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उक्त गोडाउन से मुन्ना कुमार पिता लोटन सिंह व दिव्यांशु पिता धनंजय को अपनी हिरासत में लिया। गोडाउन से बिक्री के लिए रखी देशी मदिरा प्लेन सहित अलग-अलग ब्रांड में व्हिस्की और बीयर भारी मात्रा में जब्त की। मौके से आरोपी मुन्नालाल व दिव्यांशु को मप्र आबकारी अधिनियम 1915 (2000) की धारा 34 (1) (क), 34 (2) के अंतर्गत प्रकरण कायम कर गिरफ्तार किया गया। जब्त शराब की कुल संयुक्त अनुमानित कीमत लगभग 350,000 रुपए है। उक्त कार्रवाई सहायक जिला आबकारी आरएस राय, उप शोभाराम बघेल, अलप सिंह चौहान की टीम की ओर से की गई।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक